HINDUSTAN, Meerut, 20.8.2025
Page No. 3, Size:(19.33)cms X (8.94)cms.

# गेल गैस कंपनी लगाएगी बायोगैस प्लांट

**मेरठ**। मेरठ में अब गेल कंपनी ने कूड़े से बायोगैस प्लांट लगाने में दिलचस्पी दिखाई है। कंपनी को 400 टन आर्गेनिक कूड़ा उपलब्ध कराया जाएगा। जल्द ही निगम की ओर से कंपनी को प्रस्ताव दिया जाएगा। उसके बाद कंपनी उच्च स्तर से अनुमति प्राप्त कर आगे की कार्रवाई करेगा। मंगलवार को मेयर हरिकांत अहलूवालिया, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार के स्तर पर अधिकारियों की वार्ता हुई। कंपनी ने दावा किया कि निगम यदि 400 टन आर्गेनिक कूड़ा उपलब्ध कराता है तो बायोगैस प्लांट का निर्माण हो सकेगा।